मध्यप्रदेश राज्य रोजगार गारंटी परिषद्

(पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधीन गठित पंजीकृत संस्था)

59 ''सी'' विंग, द्वितीय तल, नर्मदा भवन, अरेरा हिल्स भोपाल

क्रमांक / 4309 / NR-4/11 भोपाल, दिनांक 2 / ~~04~~ 05 / 11

प्रति,

मुख्य अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
विन्ध्याचल भवन
भोपाल (म.प्र.)

समय सीमा 3 दिवस

विषयः मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क सडक योजना के साफ्टवेयर एवं नरेगा प्रशासनिक व्यय के संबंध में।

--00--

कृपया मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क सडक योजना के साफ्टवेयर की अपेक्षानुरूप प्रगति से आप भलीभांति अवगत है। इस संबंध मे समय समय पर सूचना संवाहित की गई है। यह साफ्टवेयर वास्तविक स्थिति में संचालित होकर आधार योग्य जानकारियां प्रस्तुत कर सके एवं योजना से संबंधी समस्त जानकारियां साफ्टवेयर के माध्यम से ही प्रस्तुत हो। इस दिशा में कृप्या आवश्यक कार्यवाही हेतु कृपया संबंधित कार्यपालन यंत्रियो को सूचित करने का कष्ट करें।

इसी के साथ वित्त वर्ष 2011–12 हेतु मनरेगा प्रशासनिक मद की मांग परिषद को भेजने के पूर्व कृपया यह अनिवार्यतः सुनिश्चित किया जाना है कि यह मांग MMGSY के ऑनलाईन मॉनीटरिंग साफ्टवेयर से जनरेट होकर ही परिषद को भेजी जानी है।

कृप्या इस संबंध में अविलंब प्रभावी कार्यवाही एवं अग्रता प्रदान करने का अनुरोध है।

(आयुक्त द्वारा आदेशित)

30.4.11

(डॉ. राजीव सक्सेना)
संयुक्त आयुक्त (वित्त एवं लेखा)
म.प्र. राज्य रोजगार गारंटी परिषद
मुख्यालय, भोपाल

पृ.क्रमांक / 4310 / NR-4//11 भोपाल, दिनांक 2 / ~~04~~ 05 / 11

प्रतिलिपि –

1. समस्त कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, की ओर भेजकर लेख है कि अनिवार्य रूप से निर्धारित साफ्टवेयर में समस्त जानकारियों को अद्यतन स्थिति में 3 दिवस के अंदर अंकित करें एवं वित्त वर्ष 2011–12 हेतु मनरेगा प्रशासनिक मद में मांग साफ्टवेयर से ही जनरेट करे एवं यह जानकारी मुख्य अभियंता को भेजी जावे। यह कार्यवाही तत्काल 3 दिवस के अंदर सुनिश्चित की जानी है।

30.4.11

संयुक्त आयुक्त (वित्त एवं लेखा)
म.प्र. राज्य रोजगार गारंटी परिषद
मुख्यालय, भोपाल

E:\Aks-jcfa-\JCFA Nemi Teep, Letter, Notesheet\NERGS-MP- Letter-JCFA New dt.25-11-.doc 475